Seat No. : _______________

# FF-102(H)

**February-2025**

**M.Com., Sem.-I**

**406 : Accounting For Manager**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. कॉर्पोरेट वित्तीय विवरण का अर्थ बताते हुए इसके उद्देश्य एवं लक्षणों का वर्णन कीजिए । **14**

**अथवा**

1. (A) लेखांकन मानक क्या है ? इसके उद्देश्यों का वर्णन कीजिए । **7**

1. (B) वित्तीय विवरण के विभिन्न उपयोगकर्त्ताओं के विषय में चर्चा कीजिए । **7**

2. 31-3-2024 को कानन लि. की बैलेन्स शीट निम्नानुसार है : **14**

| विवरण | नोट | ₹ |
|---|---|---|
| **I. इक्विटी एवं दायित्व :** | | |
| (1) शेयरधारकों का कोष : | | |
| (a) शेयर पूँजी : ₹ 100 प्रत्येक के इक्विटी शेयर | | 10,00,000 |
| ₹ 100 प्रत्येक के 10% प्रिफरेन्स शेयर | | 5,00,000 |
| (b) अनामत एवं आधिक्य : सामान्य अनामत | | 2,50,000 |
| (2) गैर–चालू दायित्व : | | |
| (a) दीर्घकालीन ऋण : 10% डिबेन्चर | | 1,00,000 |
| (b) दीर्घकालीन प्रावधान : कामगार बचत खाता | | 50,000 |
| स्टाफ प्रोविडेंट फंड | | 50,000 |
| (3) चालू दायित्व : | | |
| (a) व्यापारिक देय : लेनदार | | 1,50,000 |
| देय विपत्र | | 20,000 |
| (b) अन्य चालू दायित्व : बैंक ओवरड्राफ्ट | | 30,000 |
| कुल | | **21,50,000** |

| | | |
|---|---|---|
| **II.** परिसम्पत्तियाँ : | | |
| (1) गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ : | | |
| (a) स्थिर परिसम्पत्तियाँ : | | |
| भूमि एवं भवन | | 7,00,000 |
| प्लांट एवं मशीनरी | | 3,00,000 |
| फर्नीचर | | 2,00,000 |
| (b) अन्य गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ : प्राथमिक खर्च | | 50,000 |
| (2) चालू परिसम्पत्तियाँ : | | |
| (a) चालू निवेश : अस्थायी निवेश | | 2,00,000 |
| (b) माल–सामग्री : स्टॉक | | 3,50,000 |
| (c) व्यापारिक प्राप्य : देनदार | | 2,50,000 |
| प्राप्य विपत्र | | 50,000 |
| (d) रोकड़ एवं रोकड़ समकक्ष : रोकड़ शेष | | 50,000 |
| कुल | | **21,50,000** |

**अतिरिक्त जानकारी :**

(1) कुल विक्रय (रोकड़ विक्रय उधार विक्रय का 2/5 है) ₹ 16,80,000

(2) सकल लाभ : ₹ 6,00,000

(3) शुद्ध लाभ : (ब्याज एवं कर के पूर्व, कर दर 50% है) ₹ 3,60,000

(4) आरंभिक स्टॉक : ₹ 1,50,000

उपरोक्त सूचनाओं से, निम्न लेखांकन अनुपात की गणना कीजिए :

(1) शुद्ध लाभ अनुपात

(2) परिचालन अनुपात

(3) देनदार अनुपात (वर्ष के लिए 300 दिन लेना है)

(4) प्रयुक्त पूँजी पर प्रतिफल की दर

(5) शेयरधारकों के कोष पर प्रतिफल की दर

(6) चालू अनुपात

(7) प्रति शेयर आय

**अथवा**

2. 31-3-2022 एवं 31-3-2023 को कुन्दन लि. की बैलेन्स–शीट निम्न हैं : **14**

| विवरण | नोट | **31-3-2022 (₹)** | **31-3-2023 (₹)** |
|---|---|---|---|
| **I. इक्विटी एवं दायित्व** | | | |
| (1) शेयरधारकों का कोष : | | | |
| (a) शेयर पूँजी : | | | |
| ₹ 7 प्रदत्त ₹ 10 प्रत्येक के 10% रि.प्रि. शेयर | | 70,000 | – |
| पूर्ण प्रदत्त ₹ 10 प्रत्येक के इक्विटी शेयर | | 2,00,000 | 3,00,000 |
| (b) अनामत एवं आधिक्य : | | | |
| प्रतिभूति प्रीमियम | | 15,000 | 20,000 |
| सामान्य अनामत | | 80,000 | 50,000 |
| लाभ एवं हानि खाता | | 35,000 | 75,000 |
| (2) गैर–चालू दायित्व : | | | |
| (a) दीर्घकालीन ऋण : 12% डिबेन्चर | | – | 1,00,000 |
| (3) चालू दायित्त्व : | | | |
| (a) व्यापारिक देय : लेनदार | | 50,000 | 50,000 |
| (b) अन्य चालू दायित्त्व : बैंक ओवरड्राफ्ट | | 20,000 | – |
| (c) लघुकालीन प्रावधान : कर का प्रावधान | | 24,000 | 30,000 |
| प्रस्तावित डिविडण्ड | | 20,000 | 36,000 |
| कुल | | **5,14,000** | **6,61,000** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **II. परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| (1) गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ : | | | |
| (a) स्थिर परिसम्पत्तियाँ : | | | |
| (i) दृश्य परिसम्पत्तियाँ : भूमि एवं भवन | | 1,60,000 | 2,50,000 |
| प्लांट एवं मशीनरी | | 1,40,000 | 2,00,000 |
| (ii) अदृश्य परिसम्पत्तियाँ : ख्याति | | 80,000 | 60,000 |
| (b) गैर–चालू निवेश : निवेश | | 40,000 | – |
| (2) चालू परिसम्पत्तियाँ : | | | |
| (a) माल–सामग्री : स्टॉक | | 30,000 | 50,000 |
| (b) व्यापारिक प्राप्य : देनदार | | 44,000 | 40,000 |
| प्राप्य विपत्र | | 10,000 | 10,000 |
| (c) रोकड़ एवं रोकड़ समकक्ष : | | | |
| रोकड़ शेष | | 10,000 | 11,000 |
| बैंक शेष | | – | 40,000 |
| कुल | | **5,14,000** | **6,61,000** |

**अन्य सूचनाएँ :**

31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान :

(1) निवेश को बिक्री कीमत के 20% लाभ पर बेचा ।

(2) मूल्यह्रास हटाया : भूमि एवं भवन पर ₹ 30,000 एवं प्लांट और मशीनरी पर ₹ 25,000 ।

(3) कंपनी ने अधिनियम आवश्यक अपेक्षाओं का पालन करते हुए 5% प्रीमियम के साथ रिडीमेबल प्रि. शेयर को रिडीम किया । प्रि. शेयर को रिडीम करने के लिए सामान्य अनामत से ₹ 1,00,000 की राशि पूँजी रिडेम्पशन अनामत में अंतरित की ।

(4) कंपनी ने 2 : 1 के अनुपात में पूँजी रिडेम्पशन अनामत से वर्तमान इक्विटी शेयरधारकों को बोनस शेयर जारी किए ।

(5) डिबेन्चर 5% की छूट पर जारी किए गए ।

(6) पिछले वर्ष का ₹ 25,000 का कर भुगतान किया गया तथा पिछले वर्ष के प्रस्तावित डिविडेण्ड का भी भुगतान कर दिया गया ।

उपरोक्त सूचनाओं से रोकड़ प्रवाह पत्रक तैयार कीजिए ।

3. (A) ज़मकुड़ी लि. की निम्न सूचनाओं से चालू लागत लेखांकन पद्धति द्वारा 'गियरिंग समायोजन' की गणना कीजिए : **7**

| | **1-4-2023 (₹)** | **31-3-2024 (₹)** |
|---|---|---|
| शेयर पूँजी | 12,00,000 | 12,00,000 |
| अनामत एवं आधिक्य | 4,00,000 | 4,00,000 |
| 10% डिबेन्चर | 4,00,000 | 4,00,000 |
| बैंक ऋण | 1,00,000 | 1,50,000 |
| कर का प्रावधान | 80,000 | 90,000 |
| रोकड़ एवं बैंक शेष | 15,000 | 5,000 |

| चालू लागत समायोजन : | **₹** |
|---|---|
| विक्रय लागत समायोजन | 1,00,000 |
| मूल्यह्रास समायोजन | 60,000 |
| मौद्रिक कार्यशील पूँजी समायोजन | 40,000 |

3. (B) पर्यावरण लेखांकन पद्धति क्या है ? इसके उद्देश्य बताइए । **7**

**अथवा**

3. (A) फॉरेन्सिक लेखांकन का अर्थ एवं लक्षणों का वर्णन कीजिए । **7**

3. (B) मानव संसाधन लेखांकन की संकल्पना समझाइए एवं इसके किन्हीं दो मॉडलों का वर्णन भी करिए । **7**

4. लागत एवं प्रबंध लेखांकन के मुख्य साधनों और तकनीकों की चर्चा कीजिए । **14**

**अथवा**

4. (A) लागत लेखांकन के लाभ एवं सीमाओं की चर्चा कीजिए । **7**

4. (B) प्रबंध लेखांकन एवं वित्तीय लेखांकन के मध्य अंतर बताइए । **7**

5. दिए गए विकल्पों से सही विकल्प चुनिए : (कोई **सात**) **14**

(1) लेखांकन मानक इसके द्वारा जारी किए जाते हैं :

(a) ICAI (b) ICMAI

(c) ICSI (d) CLB

(2) IFRS के अनुसार वित्तीय विवरण _________ पर प्रस्तुत किए जाते हैं ।

(a) उचित कीमत (b) ऐतिहासिक कीमत

(c) बाजार मूल्य (d) पुनःस्थापना मूल्य

(3) AS-14 _________ से संबंधित है ।

(a) रोकड़ प्रवाह पत्रक (b) आय संपादन

(c) समामेलन लेखांकन (d) मूल्यह्रास लेखांकन

(4) विक्रय 6,00,000 सकल लाभ अनुपात 25% है, यदि औसत स्टॉक 60,000 है, तो स्टॉक टर्नओवर अनुपात ज्ञात कीजिए ।

(a) 7.5 गुणा (b) 10 गुणा

(c) 8 गुणा (d) 7 गुणा

(5) प्लांट एवं मशीनरी के निपटान से प्राप्त रोकड़ है –

(a) निवेश प्रवृत्ति (b) वित्तीय प्रवृत्ति

(c) परिचालन प्रवृत्ति (d) इनमें से कोई नहीं

(6) मुद्रास्फीति लेखांकन के संबंध में निम्न में से किसे गैर–मौद्रिक वस्तु माना जाता है ?

(a) देनदार (b) अंतिम स्टॉक

(c) रोकड़ एवं बैंक शेष (d) इनमें से कोई नहीं

(7) मानव संसाधन खातों की ऑडिट इसके लिए आवश्यक है

(a) एक स्वामित्व (b) भागीदारी फर्म

(c) कंपनी (d) इनमें से कोई नहीं

(8) वित्तीय साक्ष्य के आधार पर खातों की जाँच से संबंधित लेखांकन पद्धति कौन सी है ?

(a) फॉरेन्सिक लेखांकन (b) प्रबंध लेखांकन

(c) मानव संसाधन लेखांकन (d) लागत लेखांकन

(9) कौन सा लेखांकन संचालको को रोजमर्रा के निर्णय लेने में सहायक है ?

(a) वित्तीय लेखांकन (b) प्रबंध लेखांकन

(c) लागत लेखांकन (d) फॉरेन्सिक लेखांकन

(10) __________ का उपयोग लागत लेखांकन पद्धति में नही किया जाता है ।

(a) सीमांत लागत–निर्धारण (b) जॉब लागत–निर्धारण

(c) बैच लागत–निर्धारण (d) करार लागत–निर्धारण